श्री बंशीधर नगर, गुरुवार
13.02.2025
फाल्गुन कृष्णपक्ष प्रतिपदा संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 170



# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:34 बजे
अस्त - 05:44 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 31 डिग्री से.
न्यूनतम : 14 डिग्री से.


डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com रक्तदान महाकल्याण : डीसी >> पेज 03 एक्ट्रेस तृषा कृष्णन का एक्स अकाउंट हैक >> पेज 04

**सुविचार**

किसी को हराना बहुत आसान है लेकिन किसी का दिल जीतना बहुत मुश्किल है

**न्यूज अपडेट्स**

### रांची में तापमान औसत से अधिक, रूलाएगी गर्मी



**रांची।** राजधानी रांची में इस वर्ष भी गर्मी सताएगी। फरवरी माह में रांची में अधिकतम तापमान औसत से अधिक रिकॉर्ड की जा रही है। राजधानी में यदि पिछले चार दिनों की बात की जाए तो बुधवार को यहां का अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो औसत से 2.5 डिग्री अधिक है। वहीं मंगलवार को 2.5 डिग्री अधिक, सोमवार को 3.8 डिग्री अधिक, जबकि रविवार को राजधानी में औसत तापमान 0.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस वर्ष रांची के अलावा राज्य के कई शहरों में अभी से ही तापमान में काफी बढोत्तरी दर्ज की जा रही है, जिसमें सरायकेला, चाईबासा, जमशेदपुर, डालटेनगंज प्रमुख रूप से शामिल है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि लगातार तापमान में बढोत्तरी से संभावना है कि इस वर्ष गर्मी ज्यादा पड़ेगी। उल्लेखनीय है कि पिछले साल भी रांची में प्रचंड गर्मी पडी थी, जिससे आम जन जीवन परेशान हो गया था।

**अदालत** सुप्रीम कोर्ट ने फ्रीबीज यानी मुफ्त की रेवड़ियों पर जतायी नाराजगी

# लोगों को मुफ्त राशन व पैसे मिल रहे, इसलिए काम करने को इच्छुक नहीं

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को चुनावों से पहले मुफ्त उपहारों की घोषणा करने की प्रथा पर नाराजगी व्यक्त की। अदालत ने कहा कि लोग अब काम करने के इच्छुक नहीं हैं क्योंकि उन्हें मुफ्त राशन और धनराशि मिल रही है। फ्रीबीज पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है।

जस्टिस बी. आर. गवई और ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच शहरी क्षेत्रों में बेघर लोगों के आश्रय के अधिकार से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। जस्टिस गवई ने कहा कि दुर्भाग्यवश, इन मुफ्त योजनाओं के कारण लोग काम करने के इच्छुक नहीं हैं। उन्हें बिना काम किए मुफ्त राशन और धनराशि मिल रही है। बेंच ने यह भी



कहा कि सरकार को लोगों को मुख्यधारा में शामिल करने और उन्हें राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करना चाहिए। बेंच ने कहा, 'हम उनके (बेघर लोगों) के लिए आपकी फिक्र की तारीफ करते हैं लेकिन क्या ये बहेतर नहीं होगा कि उन्हें समाज की मुख्यधारा का हिस्सा बनाया जाए और उन्हें देश के विकास में योगदान करने दिया जाए।' केंद्र सरकार के अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने अदालत को बताया कि केंद्र सरकार शहरी गरीबी उन्मूलन मिशन को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है। इस मिशन में शहरी बेघर लोगों के लिए आश्रय प्रदान करने सहित विभिन्न मुद्दों का समाधान शामिल होगा। अदालत ने अटॉर्नी जनरल से यह वेरिफाई करने को कहा कि सरकार इस मिशन को कब तक लागू करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई छह हफ्ते बाद निर्धारित की है। इससे पहले, पिछले साल अक्टूबर में भी सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में फ्रीबीज को लेकर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। वह याचिका चुनाव के दौरान फ्रीबीज के ऐलान के खिलाफ थी। याचिकाकर्ता ने कोर्ट से मांग की थी कि वह चुनाव आयोग को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दे कि राजनीतिक पार्टियां चुनाव से पहले मुफ्त की रेवड़ियों वाले वादें न करें।

### 6 हफ्ते बाद होगी मामले की सुनवाई

सुनवाई के दौरान अटॉनी जनरल आर वेंकटमनी ने बताया कि सरकार शहरी गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम को अंतिम रूप देने में लगी है जो गरीब शहरी बेघर लोगों को आवास उपलब्ध कराने से लेकर दूसरे जरूरी मसलों में मददगार होगा। सुप्रीम कोर्ट ने अटॉनी जनरल से कहा कि वह सरकार से निर्देश लेकर बताएं कि ये कार्यक्रम कब से लागू होगा। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 6 हफ्ते बाद तय की है। न्यायाधीश गवई ने कहा कि 'दुर्भाग्यवश, मुफ्त की इन योजनाओं की वजह से लोग काम करने के इच्छुक नहीं हैं। उन्हें मुफ्त में राशन मिल रहा है। बिना काम किए उन्हें पैसे मिल रहे हैं।'

### 'परजीवियों का एक वर्ग तैयार हो रहा'

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि वोट के लालच में समाज में मुफ्तखोरों और परजीवियों का एक वर्ग तैयार हो रहा है। लोगों को बिना किसी काम के मुफ्त राशन और पैसा देना सही नहीं है। सरकार की कोशिश होनी चाहिए कि इन लोगों को मुख्यधारा में लेकर आए ताकि वह भी देश के विकास में योगदान दे सकें।

## महाकुंभ जा रहे इनोवा कार और ट्रक में भीषण टक्कर, एक की मौत, पांच जख्मी, तीन की हालत नाजुक

**मेराल :** एनएच 75 पर मेराल थाना क्षेत्र के लातदाग के समीप बुधवार की प्रातः साढ़े तीन बजे ट्रक और कार की भीषण टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार रांची हटिया निवासी शंभू कुमार राय की मौत मौके पर ही हो गई। जबकि अन्य तीन गंभीर तथा दो लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार रांची के हटिया से एक कार सवार लोग महाकुंभ जा रहे थे। इसी बीच लातदाग गांव के समीप विपरीत दिशा से कोयला लदे ट्रक रॉन्ग साईड में जाकर टक्कर मार दी। हादसे में अरविंद कुमार 46 वर्ष पिता उपेंद्र प्रसाद सिंह, आदित्य सिंह 13 वर्ष पिता अरविंद कुमार, राधा देवी पति शंभू कुमार राय, संदीप कुमार राय



36 वर्ष पिता अवधेश कुमार सिंह एवं एवं अखिलेश यादव 27 वर्ष पिता प्रमोद यादव घायल हो गये। जानकारी मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को मेराल सीएचसी तथा गंभीर रूप से घायल लोगों को सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने शंभू कुमार राय को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। सीओ यशवंत नायक ने सीएचसी में पहुंच कर घटना की जानकारी ली तथा मृतक के परिजनों से संपर्क किया।


## प्रतिमा लगाने को लेकर विवाद, थाना प्रभारी समेत छह घायल

**कोडरमा।** जिले के डोमचांच थाना अंतर्गत रूपनडीह में दो पक्षों में बुधवार सुबह जमकर पत्थरबाजी हुई। यह विवाद मंदिर के बैनर को हटाने और संत रविदास की प्रतिमा को लगाने को लेकर हुआ। इस घटना में मामले को शांत कराने पहुंचे दल डोमचांच थाना प्रभारी ओमप्रकाश समेत लगभग छह से अधिक लोग घायल हो गये। रूपनडीह गांव में संत रविदास मंदिर के सामने झंडा बोर्ड और होर्डिंग लगाया गया है। इसको लेकर कुछ लोग विरोध कर रहे हैं। मंगलवार को अनुमंडल कार्यालय के समक्ष संत



शिरोमणि रविदास समारोह समिति डोमचांच ने धरना प्रदर्शन भी किया था। वहीं बुधवार को इसी मामले में दो पक्षों में झड़प के बाद पत्थरबाजी की घटना हुई। माहौल शांत करने पहुंचे थाना प्रभारी ओम प्रकाश कुमार को भी पत्थर लगा और वे घायल हो गए। वहीं सर्किल इंस्पेक्टर विनोद कुमार और कुछ अन्य लोगों को भी चोट लगी है। बाद में एसडीओ रिया सिंह, एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में पहुंची विभिन्न थानों की पुलिस ने मोर्चा सम्हाला। लोगों को नियंत्रित करने के लिए लाठी





भी भांजनी पड़ी तो वहीं गांव में विभिन्न थानों के पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है।

## दीपाटोली कॉकरेल इकोलॉजिकल पार्क एवं प्रशिक्षण क्षेत्र में ईस्टर्न कमांड अलंकरण समारोह-2025

# सेना की साहस और वीरता हर नागरिक के लिए प्रेरणास्त्रोत: राज्यपाल

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची बुधवार को दीपाटोली कॉकरेल इकोलॉजिकल पार्क एवं प्रशिक्षण क्षेत्र में आयोजित ईस्टर्न कमांड अलंकरण समारोह-2025 में वीरता पुरस्कार प्राप्त करने वाले सैनिकों एवं उनके परिजनों से भेंट की। उनके साथ भोजन किया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रसेवा में समर्पित वीर जवानों के अदम्य साहस, त्याग और बलिदान को नमन किया। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय सेना के वीर योद्धा



देश की अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा के लिए जिस अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हैं, वह प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने वीर सैनिकों एवं उनके परिजनों को बधाई देते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र को आप सभी पर गर्व है। पूर्वी कमान का अलंकरण समारोह में वीर सैनिकों, विशिष्ट सैन्यकर्मियों और उत्कृष्ट इकाइयों को सम्मानित किया गया। लेफ्टिनेंट जनरल राम चंदर तिवारी (जीओसी-इन-सी, पूर्वी कमान) ने अलंकरण समारोह के दौरान वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कार दिये। समारोह में कुल 42 पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया गया। इनमें 21 सेना पदक (वीरता), पांच सेना पदक (विशिष्ट सेवा), दो बार टू सेना पदक (विशिष्ट सेवा), दो युद्ध सेवा पदक, एक बार टू विशिष्ट सेवा पदक और 11 विशिष्ट सेवा पदक दिये गये। इसके अलावा 45 सैन्य इकाइयों को जीओसी-इन-सी, पूर्वी कमान इकाई प्रशंसा से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेना के वरिष्ठ अधिकारीगण, गणमान्य अतिथि एवं सैनिक परिवारों के सदस्य उपस्थित रहे।

### राज्यपाल ने शहीद कैप्टन सरदार करमजीत सिंह बक्शी को दी श्रद्धांजलि

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, जाकर जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास हुए विस्फोट में हजारीबाग के शहीद कैप्टन सरदार करमजीत सिंह बक्शी के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शोक संतप्त परिवारजनों से भेंट कर संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि भारत माता के इस वीर सपूत का बलिदान व्यर्थ नहीं जायेगा। इस दौरान सेना और कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। बताया गया कि शहीद कैप्टन का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव हजारीबाग के लिए रवाना किया जायेगा।



# शतचंडी यज्ञ की जलयात्रा आज, 11 कन्याओं की होगी शादी



**बंशीधर न्यूज**

**केतार :** मां चतुर्भुजी मंदिर के प्रांगण में श्री श्री 1008 महंत श्री रामेश्वर दास जी महाराज के तत्वावधान में 13 फरवरी से शुरू होने वाले शतचंडी महायज्ञ और 20 फरवरी को 11 गरीब कन्याओं की सामूहिक विवाह की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। जलयात्रा में पूर्व विधायक भानू प्रताप शाही भी शामिल हो सकते हैं। मंदिर विकास समिति के संरक्षक प्रमोद शुक्ला एवं रामविचार साह ने बताया कि समिति के द्वारा मंदिर परिसर की साफ-सफाई सहित मंदिर को भव्य रूप से सजाया जा रहा है। साथ ही यज्ञ मंडप को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी ने कहा कि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो उसपर विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा है। बाहर से पधार रहे विद्वान पंडितों और भगवत कथा वाचिका देवी प्रतिभा के होने वाले कार्यक्रमों को लेकर मंच का निर्माण और साज सज्जा की व्यापक तैयारी युद्धस्तर पर चल रही है। मंदिर विकास समिति के सचिव हेमंत पाठक एवं अध्यक्ष प्रमोद कुमार शुक्ला ने बताया कि महायज्ञ के सफल संचालन और ग्यारह कन्याओं की होने वाली सामूहिक शादी समारोह में वर और वधू पक्ष के लोगों के रहने, खाने पीने की व्यवस्था सहित अतिथियों के स्वागत की तैयारी की जा रही है। ताकि किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं हो। मंदिर विकास समिति के सभी सदस्य पूरी निष्ठा से मंदिर परिसर में होने वाले शतचंडी महायज्ञ और सामुहिक विवाह सफल बनाने में समिति के लोग लगे हुये हैं।

## न्यूज अपडेट्स

### दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार

**मझिआंव :** कांडी थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के राजा घटहूंआ गांव में एक 20 वषीर्या युवती के साथ गांव के ही 18 वर्षीय युवक अजीत कुमार के द्वारा घर में घुसकर दुष्कर्म करने के आरोप में उसे गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। इस मामले में पुलिस इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी ने मझिआंव थाना में प्रेसवार्ता आयोजित कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि युवती शादीशुदा महिला है। उसका पति विपिन कुमार पिछले कई दिनों से दूसरे प्रदेश में रोजगार के लिये गया हुआ है। तब से इसी गांव के युवक अजीत कुमार की निगाह उक्त महिला के प्रति आकर्षित था। उन्होंने कहा कि गत मंगलवार की देर शाम जब महिला शौच के लिये घर से बाहर निकली। तो पहले से घात लगाकर बैठा अजीत कुमार ने महिला का हांथ पड़कर उसके ही घर में ले जाकर दुष्कर्म करने का काम किया। साथ ही युवक द्वारा अश्लील हरकत करते हुये वीडियो बनाया गया और सोशल मीडिया पर वायरल कर देने का भय दिखाया। कहा कि इधर पीड़ित महिला द्वारा कांडी थाना में दिये गये आवेदन के आधार पर थाना प्रभारी अविनाश राज ने मामला दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। साथ ही महिला को मेडिकल जांच के लिये भेज दिया है। प्रेसवार्ता में कांडी थाना प्रभारी अविनाश राज, एसआई विद्यासागर प्रसाद, अनुसंधानकर्ता रौशन कुमार राम आदि पुलिसकर्मी मौजूद थे।

**गढ़वा** पूर्व मंत्री ने मनाई संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती

# गुरु रविदास के वचनों को अपना लें : मिथिलेश ठाकुर

**बंशीधर न्यूज**



**मेराल :** संत शिरोमणि गुरू रविदास की 648 वीं जयंती जिले भर में काफी धूमधाम से मनाई गई। पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गुरू रविदास की जयंती मनाई। इस दौरान जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत संगबरिया गांव में रविदास समाज कल्याण संघ के तत्वावधान में आयोजित आयोजित संत शिरोमणि गुरू रविदास की जयंती समारोह सहित विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित जयंती समारोह में उन्होंने भाग लिया। श्री ठाकुर ने गुरू रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर श्री ठाकुर ने कहा कि संत रविदास भारत के महान संतों में से एक हैं। संत रविदास ने अपने वचनों व दोहों से भक्ति की अलग छाप दुनिया में छोड़ी। आज भी लोग उन्हें अपनी जेहन में बसाये हुये हैं। हम सभी उनके बताये मार्गों पर चलकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। पूर्व मंत्री ने कहा कि संत रविदास ने समाज से उंच-नीच का भेदभाव समाप्त करने एवं समता मूलक समाज की स्थापना करने में अपना पूरा जीवन लगा दिया। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने रविदासिया पंथ की स्थापना की थी। इन्हें संत शिरोमणि की उपाधि दी गई थी। वे गुरु भक्ति आंदोलन के प्रसिद्ध संत थे। उनके भक्ति गीतों व छंदों ने भक्ति आंदोलन पर स्थाई प्रभाव डाला था। महान संत गुरु रविदास को और उनके योगदान को आज भी दुनिया याद करती है और उनके सम्मान में हर साल रविदास जयंती का पर्व मनाया जाता है। गुरु रविदास जी का शिक्षा के अलावा समाज सुधार में भी विशेष योगदान देखने को मिलता है। उन्होंने समाजिक समानता के लिये अपनी आवाज उठाई और इस विषय के बारे में लोगों को जागरूक किया था। श्री ठाकुर ने कहा कि गुरू रविदास के कहे हुये कई वचन कोई भी व्यक्ति जन्म से छोटा या बड़ा नहीं होता है, लेकिन अपने कर्मों से छोटा-बड़ा होता है। भगवान उस व्यक्ति के हृदय में वास करते हैं, जहां किसी तरह का बैर भाव नहीं होता है आदि एवं उनके दोहे आज भी जीवंत हैं। उन्होंने कहा कि यदि हम सभी उनके वचन मानव सेवा ही सबसे बड़ी पूजा है को अपना लें तो गुरू रविदास की जयंती मनाना सार्थक होगा। मौके पर केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, जवाहर पासवान, मेराल प्रमुख दीपमाला, केंद्रीय सदस्य शंभू राम, मुखिया मुखराम भारती, मुन्ना राम, संजय राम, सुरेंद्र यादव, गुड्डू राम, दशरथ प्रसाद, राजेश बैठा, राजा सिंह, प्रियम सिंह, चंदन जायसवाल आदि लोग उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनी संत रविदास की जयंती



**भवनाथपुर :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर बाजार में संत रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। प्रधानाचार्य जयंत कुमार ने संत रविदास के चित्र पर पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर प्रधानाचार्य ने कहा कि संत रविदास के अंदर अलौकिक शक्तियां थी, वे भगवान राम एवं कृष्ण की भक्ति के साथ एक दार्शनिक तथा समाज सुधारक थे। उन्होंने मन चंगा तो कठौती में गंगा कहावत को चरितार्थ किया। भैया-बहनों ने भी बारी-बारी से संत रविदास की जयंती पर प्रकाश डाला। बहन अंशिका, श्रृष्टि, सोनाक्षी, आयुषी, एवं इसके ग्रुप की बहनों ने रविदास पर आधारित नाटक का सफल मंचन किया और यह संदेश दिया कि व्यक्ति को लालच नहीं करना चाहिये। व्यक्ति के जाति की नहीं वरन गुणों की पूजा होती है। आचार्य अजीत चौबे ने भी अपने विचार रखते हुये संत रविदास के गुणों का बखान किया और इससे सीख मिलने वाले विषयों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आचार्य अशोक कुमार, नीतू गुप्ता, रमेश विश्वकर्मा, इंद्रजीत गुप्ता, रामकेवल साह, अरुण कुमार, समीक्षा कुमारी आदि उपस्थित थे। मंच का संचालन आचार्य अनुज कुमार के द्वारा किया गया।

### जेपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के अध्यक्ष बने मंसूर

**डंडई :** प्रखंड के रारो मदरसा ग्राउंड में आगामी 18 फरवरी से शुरू होने वाली झारखंड प्रीमियम लीग (जेपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट को सफल बनाने को लेकर सोमवार को वकील अंसारी के आवास पर एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता इमामुदिन अंसारी ने की। बैठक में जेपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के सफल संचालन के लिये सर्वसम्मति से एक कमेटी का गठन किया गया। पदाधिकारियों ने बताया कि क्रिकेट टूर्नामेंट कुल 16 टीमों के बीच खेला जायेगा। सफल संचालन के लिये मंसूर आलम को अध्यक्ष, यासीन मलिक को उपाध्यक्ष, जमील अंसारी व मो क्यामुदिन अंसारी को सचिव, ओमप्रकाश यादव व विजय राम को उप सचिव, वकील अंसारी व अनीस अंसारी को संयोजक, जुबेर अंसारी व ऐनुदिन अंसारी को व्यवस्थापक, रमेश प्रजापति, संजय राम, नसीम अहमद, आदम अली, अबरार आलम, हसीब अंसारी, हारून रशीद, नूरे आलम, अख्तर अंसारी, मो अफजल को आयोजक बनाया गया है। जबकि मनोज कुमार नीरज, अमीर हसन अंसारी, जितेंद्र विश्वकर्मा समेत 19 लोगों को सदस्य में रखा गया है। इस टूर्नामेंट की विजेता राशि 25 हजार रुपये और उपविजेता को 15 हजार रुपए और ट्रॉफी के साथ दिया जायेगा।

## मुखिया से खराब पड़े जल मीनार को बनवाने की मांग

**बंशीधर न्यूज**



**भवनाथपुर :** प्रखंड के मकरी पंचायत के गड़ेरियाडीह टोला के ग्रामीणों ने मुखिया को आवेदन देकर खराब पड़े जल मीनार को बनाने की मांग की है। दिये आवेदन में कहा है कि गड़ेरियाडीह टोला में शिव स्थल पर जल मीनार का कार्य विगत वर्षों से बंद पड़ी है। जिस कारण ग्रामवासियों को जल कि समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है एवं शिवस्थल पर अन्य धार्मिक कार्यक्रम कराये जाते हैं और हम लोगों को जल की समस्याओं से बहुत ज्यादा जूझना पड़ता है। जिसकी सूचना मौखिक रूप से मुखिया को कई बार दी गई। किंतु अब तक जल मीनार को नही बनाया गया। ग्रामीण संतलाल पाल, ललन पाल, कृपा शंकर पाल, परनिश पाल, निरंजन पासवान, सत्येंद्र पाल, लाल बाबू गुप्ता, राजू पासवान, शंभू पाल नागेंद्र पाल ने पंचायत के मुखिया से महाशिवरात्रि पर्व से पूर्व जलमीनार एवं चप्पाकल का बनाने की मांग की है। जिससे इस टोले के ग्रामीणों को जल की समस्याओं का सामना न करना पड़े। मकरी पंचायत के मुखिया सरिता देवी नें कहा कि तीन बोर कराया गया है लेकिन पानी का सतह बहुत नीचे रहने के कारण सोलर द्वारा पानी उठाया नहीं जा पा रहा है। बिजली विभाग से जल मीनार के पास बिजली लगाने की मांग की गई है, बिजली लगते ही पानी की व्यवस्था हो जायेगी।

## जीएन कान्वेंट में मनी संत रविदास की जयंती

**बंशीधर न्यूज**



**गढ़वा :** शहर के ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल में संत रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी एवं उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर तथा संत रविदास के छायाचित्र पर पुष्प व माला अर्पित कर किया। मौके पर निदेशक ने कहा कि संत रविदास सनातन धर्म एवं संस्कृति के संवाहक थे। इनका पदार्पण ऐसे समय में हुआ जब समाज में कई तरह की कुरीतियां विद्यमान थी। छुआछूत, उच्च नीच, सांप्रदायिकता, जातिवाद बहुतदेव वाद, मूर्ति पूजा, बलि पूजा आदि से सभी ग्रसित थे। उन्होंने समाज को एक नई दिशा प्रदान की। भेदभाव, समरसता, समता, स्वतंत्रता और बंधुता की स्थापना कर जन-जन के लिये मिसाल कायम किया। वे निर्गुण ब्रह्म के पक्षधर थे। वे निर्भीक, साहसिक तथा धार्मिक निष्ठा पर अडिग रहकर अपने अनुयायियों को सनातन धर्म और संस्कृति की महत्ता पर संदेश दिया। उनका संदेश आज भी हमारे दिलों में गूंजता है और हमें सही मार्ग पर चलने के लिये प्रेरित करता है। मंच संचालन खुर्शीद आलम जबकि धन्यवाद ज्ञापन उपप्राचार्य ने किया। मौके पर शिक्षक संतोष प्रसाद, नीरा शर्मा, वीरेंद्र शाह, कृष्ण कुमार, सरिता दुबे, नीलम कुमारी, मुकेश भारती, सुनीता कुमारी, शिवानी कुमारी, विकास, ज्योति तिवारी, रागिनी कुमारी, ऋषभ श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

**जनकपुरी मंदिर परिसर में 49 वें अधिवेशन श्री रामचरितमानस पाठ महायज्ञ का आठवां दिन**

# हनुमान के बगैर न तो राम हैं और न रामायण : आराधना देवी

**बंशीधर न्यूज**



**मेदिनीनगर :** बारालोटा स्थित जनकपुरी मंदिर परिसर में चल रहे 49 वें अधिवेशन श्री रामचरितमानस पाठ महायज्ञ के आठवें दिन प्रवचन के दौरान काशी से पधारी पूज्या आराधना देवी ने भगवान श्री राम से हनुमानजी का मिलन व सुंदरकांड के सुंदर कथा की चर्चा की। उन्होंने कहा कि हनुमानजी को राम का सबसे बड़ा भक्त माना जाता है। हनुमान सर्वशक्तिमान और सर्वज्ञ हैं। हनुमान के बगैर न तो राम हैं और न ही रामायण। माता सीता का अपहरण कर जब रावण लंका ले उड़ा, तब राम और लक्ष्मण जंगलों की खाक छानते हुये माता सीता की खोज कर रहे थे। ऐसे कई मौके आये, जब उनको हताशा और निराशा हाथ लगी। माता सीता की खोज करते हुये दोनों भाई ऋष्यमूक पर्वत पहुंचे। इस क्षेत्र में ही एक अंजनी पर्वत पर हनुमान के पिता का भी राज था, जहां हनुमानजी रहते थे। यहां पर बाली से युद्ध के बाद सुग्रीव छिपे हुये थे। सुग्रीव ने जब राम और लक्ष्मण को देखा तो वह भयभीत हो गये। इतने बलशाली और वह भागते हुये हनुमान के पास गये और कहने लगे कि हमारी जान को खतरा है। सुग्रीव को लग रहा था कि कहीं यह बाली के भेजे हुये तो नहीं हैं। सुग्रीव ने हनुमानजी से कहा कि तुम ब्रह्मचारी का रूप धारण करके उनके समक्ष जाओ और उसके हृदय की बात जानकर मुझे इशारे से बताओ। यदि वे सुग्रीव के भेजे हुये हैं तो मैं तुरंत ही यहां से कहीं और भाग जाऊंगा और यहीं पर भगवान राम व लक्ष्मण की मुलाकात श्री हनुमानजी से हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महायज्ञ समिति के अध्यक्ष सह समाजसेवी गिरजा शंकर तिवारी व संचालन सचिव सह समाजसेवी ब्रजेश कुमार तिवारी उर्फ बबलू तिवारी, रविंद्र तिवारी ने किया। कार्यक्रम में श्यामलाल तिवारी, विजय तिवारी, सत्यनारायण तिवारी, अजीत कुमार तिवारी व मिथलेश तिवारी, अरुण कुमार शुक्ला, नित्यानंद तिवारी, लव तिवारी, सच्चिदानंद तिवारी, बुद्धनाथ तिवारी, विद्या तिवारी, श्याम बिहारी तिवारी उर्फ सोनू, शैलेश तिवारी, सुनील तिवारी, प्रेमचंद तिवारी, प्रेमतोष पांडेय आदि भक्तजन मौजूद थे।

## वीडी राम ने संसद में उठाया बंद रेलवे फाटक का मामला

**बंशीधर न्यूज**



**मेदिनीनगर :** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर मानव रहित रेलवे क्रासिंग को बंद किये जाने से जनता को आवागमन में हो रही कठिनाईयों से संबंधित मामला उठाया। श्री राम ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर मानव रहित रेलवे क्रासिंग को बंद कर दिये जाने से एक ही गांव दो-भागों में विभक्त हो गये हैं। वहां के निवासियों को आवागमन में अनेकों प्रकार की कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त स्थानों पर आरयूएस एलएचएस बनाने से जनता को कठिनाईयों से निजात मिल सकेगी। ऐसे स्थानों में पलामू के हैदरनगर प्रखंड में डाली, डालटनगंज में बुढवापीपर और बखारी, उंटारी रोड में लहरबंजारी, मोहम्मदगंज में बेगमपुरा, हुसैनाबाद में कजरात नावडीह, गढ़वा जिला में सोनपुरवा, कुम्मी और अहिरपुरवा शामिल हैं। उक्त जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने दी है।

# श्री बंशीधर महोत्सव की प्रशासनिक तैयारी शुरू, डीसी ने किया आयोजन स्थल का निरीक्षण



## गोसाईबाग के मैदान में आयोजित होगा बंशीधर महोत्सव

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर महोत्सव को लेकर प्रशासनिक तैयारी शुरू कर दी गई है। बुधवार को डीसी शेखर जमुआर ने महोत्सव को लेकर आयोजन स्थल के साथ सर्किट हाउस का निरीक्षण किया। मुख्य समारोह गोसाईबाग स्थित मैदान में आयोजित होगा। निरीक्षण के दौरान महोत्सव को लेकर बनने वाले मुख्य मंच, डी एरिया के अलावे लोगों के बैठने के लिये जगह को लेकर स्थानीय पदाधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया। साथ ही महोत्सव के दौरान बाहर से आने वाले अतिथियों और कलाकारों को रुकने के लिये सर्किट हाउस में मौजूद व्यवस्थाओं को देखा। डीसी ने इस दौरान एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, सीओ विकास सिंह, बीडीओ रौशन कुमार के अलावे नगर पंचायत के पदाधिकारियों और कर्मियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। निरीक्षण के बाद डीसी ने कहा श्री बंशीधर महोत्सव राजकीय महोत्सव के रूप में दूसरी बार आयोजित होगा। इसे लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि 1 और 2 मार्च को आयोजन हो सकता है प्रदेश के मुख्यमंत्री व माननीय राज्यपाल का आगमन इस दौरान हो सकता है। इसे लेकर तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। श्री बंशीधर महोत्सव के जरिये श्री बंशीधर नगर को पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करने का प्रयास सरकार का है। सभी लोगों का इसमें सहयोग अपेक्षित है।

## न्यूज अपडेट्स

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**मेदिनीनगर :** पड़वा थाना क्षेत्र के गाड़ीखास गांव के पास ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान नावा बाजार थाना क्षेत्र के करचा गांव के नागेंद्र कुमार के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों से जानकारी मिलने के बाद मृतक का भाई हरेंद्र सिंह घटनास्थल पर पहुंचा। उसने बताया कि नागेंद्र का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। वह रात में खाना खाकर सोया हुआ था। इसके बाद वह कब घर से बाहर निकला इसका पता किसी को नहीं चला। सुबह सुबह उसकी मौत की खबर मिली। वह इंटरमीडिएट की पढ़ाई कर रहा था। पडवा थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव ने बताया कि सुबह सुबह उन्हें गाड़ीखास के रेलवे ट्रैक के पास युवक के शव होने की सूचना मिली। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया गया।

### अवैध परिवहन जांच में 8 वाहन जब्त

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले में अवैध परिवहन की रोकथाम को लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र कुमार ने वाहनों की सघन जांच की। जांच के दौरान अवैध परिवहन करते 8 वाहनों को जब्त किया गया। इन ओवरलोड वाहनों पर गिट्टी /पत्थर एवं अन्य मैटेरियल लोड थे। जब्त 5 वाहनों को पण्डवा थाना व 3 वाहनों को टीओपी 2 थाना परिसर में रखा गया है। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि यह अभियान व्यवसायिक वाहनों द्वारा अवैध रूप से किये जा रहे परिवहन के विरूद्ध चलाया जा रहा है। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। जांच अभियान में जिला परिवहन पदाधिकारी के साथ उनके कार्यालय कर्मी शामिल थे।

## महादान — रेडक्रॉस सोसाईटी की ओर से रक्तदान शिविर

# रक्तदान महा कल्याण : डीसी

बंशीधर न्यूज




**श्री बंशीधर नगर :** रेडक्रॉस सोसाईटी की जिला कमेटी एवं स्थानीय कमेटी के तत्वाधान में बुधवार को ट्रॉमा सेंटर के सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन जिले के डीसी शेखर जमुआर, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, सोसाईटी के अध्यक्ष डॉ मुरली प्रसाद यादव, सचिव डॉ ज्वाला प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व सोसाईटी के पदाधिकारियों ने उपस्थित अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया। शिविर में डीसी सहित 30 लोगों ने रक्तदान किया। उस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये डीसी शेखर जमुआर ने कहा कि रक्तदान महा कल्याण है। रक्तदान से किसी की जान को बचाया जा सकता है। उन्होंने सिविल सर्जन द्वारा एनेमिक जैसे अन्य बीमारियों से जुड़े जिनको रक्त की आवश्यकता है उपलब्ध कराये जाने के मामले पर खुशी जाहिर की। सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने जिले में रक्त की स्थिति से अवगत कराते हुये कहा कि आज जिस तरह लोगों को रक्त की आवश्यकता है उस मामले में जिला के ब्लड बैंक में पूरी तरह पारदर्शिता किया गया है। सभी जरूरत लोगों को रक्त उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने रेडक्रॉस सोसाईटी द्वारा लगाये गये कार्यों की प्रशंसा की। सोसाईटी के अध्यक्ष और सचिव ने सोसाईटी द्वारा किये जा रहे कार्यों से अवगत कराया। कार्यक्रम में सोसाईटी के डॉ सिद्धनाथ प्रसाद, डॉ धर्मचंद अग्रवाल, दयाशंकर सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया। मौके पर एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, नपं के कार्यपालक पदाधिकारी राज कमल, बीडीओ रौशन कुमार, सीओ विकास सिंह, अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी, डॉ संतोष कुमार, डॉ रजिया, नपं के सिटी मैनेजर रवि कुमार, प्रणय मंडिलवार, सोसाईटी के नंदलाल गुप्ता, रामनारायण, रवींद्र प्रताप देव सहित काफी संख्या में स्वास्थ विभाग के कर्मी उपस्थित थे।



### जिन लोगों ने किया रक्तदान

रक्तदान शिविर में जिन लोगों ने रक्तदान किया उनमें उपायुक्त शेखर जमुआर, आयन खान, देवदत कुमार, बंटी दहका, ऋतिक कुमार, मनीष अग्रवाल, संजय कुमार, मनोज कुमार चौधरी, वीरेंद्र राम, आकाश कुमार, प्रिंस चौबे, आलोक कुमार बढ़िया, रागिनी चौबे, शैलेश कुमार ठाकुर, आयुष कुमार, रितेश कुमार, विक्की कुमार सिंह, रवि कुमार, प्रमेय मंडिलवार, प्रियंकर प्रियम, अभय कुमार यादव, ममता कुमारी, यशोदा देवी, रूपेश कुमार अग्रवाल, आकाश कुमार, विशाल कुमार, बिपुल कुमार, अविनाश कुमार, अशोक कुमार आदि के नाम शामिल हैं।

## माघ पूर्णिमा पर खजूरी में भव्य मेला



**मेराल :** जिले के लगमा-खजूरी स्थित श्री ब्रह्मस्थान पर माघ पूर्णिमा के अवसर पर भव्य मेले का आयोजन किया गया। यह मेला श्रद्धा और आस्था का प्रतीक बनकर उभरा जिसमें गढ़वा समेत पलामू, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने श्री ब्रह्मस्थान में पूजा-अर्चना की और भगवान सत्यनारायण की कथा का श्रवण किया। साथ ही 55 वें रामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ और लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का समापन हवन व ब्रह्मबाबा की महाआरती के साथ संपन्न हुआ। भक्तों ने अपनी मन्नत पूरी होने पर ब्रह्मबाबा को जनेऊ, चुनरी, मिट्टी का घोड़ा और नारियल अर्पित कर पूजा की। श्री ब्रह्म बाबा वर्सिप मैनेजमेंट ट्रस्ट की ओर से मेले में श्रद्धालुओं के लिये विशेष प्रबंध किये गये थे। मेले में उमड़ी भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिये पुलिस बल और स्वयंसेवक सक्रिय रहे। अंतिम दिन यज्ञशाला की परिक्रमा, महाआरती और भंडारे में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने मेले में झूले, मौत का कुआं और ड्रैगन झूला का आनंद लिया, जिससे मेले का माहौल और भी जीवंत हो गया।

## पूर्व मंत्री ने दिवंगत पत्रकार के परिजनों से मिलकर बंधाया ढांढस



**कांडी :** पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही ने बिंदास न्यूज गढ़वा के वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष रंजन सिन्हा के आकस्मिक निधन पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने उनके आवास पर जाकर शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी। पूर्व मंत्री ने कहा कि अपार दुख की इस घड़ी में आप सब अकेले नहीं हैं। हम सभी हर परिस्थिति में आपके साथ खड़े हैं। इस तरह अचानक आशुतोष के चले जाने से पूरे जिले को अपार क्षति हुई है। आज केवल पत्रकारिता जगत ही नहीं सभी वर्ग के लोग उनके निधन से काफी मर्माहत हैं। इस बहुत बड़ी क्षति की भरपाई कभी संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि हिन्दुस्तान में पत्रकारिता करते थे उसी समय मेरा आशुतोष से गहरा संबंध था। यह नेता व पत्रकार का नहीं बल्कि पारिवारिक रिश्ता था। उन्होंने आशुतोष के पिता वरिष्ठ पत्रकार प्रियरंजन सिन्हा से कहा कि आपको साहस से काम लेते हुये इस बेहद विषम परिस्थिति का सामना करना है। क्योंकि अब बच्चों को आपही को संभालना है। मौके पर भाजपा के हरिहरपुर मंडल अध्यक्ष विनोद बिहारी द्विवेदी, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामलाला दुबे, पूर्व प्रमुख व प्रमुख संघ के राज्याध्यक्ष सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय, मुखिया विनोद प्रसाद व सिंदुरिया पंचायत के पूर्व मुखिया राजेश कुमार गुप्ता, पंकज सहित कई लोग उपस्थित थे।

## संगठन पर्व को लेकर भाजपाईयों की बैठक

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** भाजपा जिला कार्यालय पिंडरा गढ़वा में जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो की अध्यक्षता में संगठन पर्व को लेकर बैठक हुई। बैठक की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम गीत के साथ की गई। मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा में सांगठनिक निर्माण का प्रक्रिया चल रहा है। बहुत जल्द बुथ से लेकर मंडल स्तर पर संगठन पुनर्निर्माण का काम पूरा कर लिया जायेगा। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं के दम पर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। भाजपा सदस्यता अभियान अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है एवं संगठन का निर्माण कार्य चल रहा है। भाजपा में बुथ से लेकर मंडल जिला प्रदेश स्तर तक का दायित्व कार्यकताओं के आंतरिक लोकतंत्र का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि बुथ एवं मंडल में संगठन निर्माण को लेकर सब जगह चुनाव अधिकारी बनाये गये हैं और सबलोग अपने अपने काम में लगे हुये हैं। भाजपा जिला चुनाव सह अधिकारी ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि भाजपा ही एक मात्र ऐसा पार्टी है जहां आंतरिक लोकतंत्र कायम है। भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है। बुथ से लेकर मंडल स्तर पर चुनाव कार्य जल्द ही संपन्न करा लिया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रामशीष तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता ने किया। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद तिवारी, जिला चुनाव सह अधिकारी मधुलता कुमारी, विवेकानंद तिवारी, धनंजय गौड़, मीना गुप्ता, मथुरा पासवान, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, नसरुद्दीन अंसारी आदि लोग उनस्थित थे।


## जतरो गांव में हुए दोहरे हत्याकांड का खुलासा, हत्यारा गिरफ्तार

# शराब पीते देखा व परिवार को कह दी, इसी कारण कर दी दंपत्ती की हत्या

बंशीधर न्यूज



**मझिआंव :** कांडी थाना क्षेत्र के जतरो गांव के टेन बांध के बिछुली पर दम्पत्ति हत्या मामले में पुलिस ने छह घंटे के भीतर हत्यारे को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में बुधवार को मझिआंव थाना में प्रेसवार्ता करते हुये पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि कांडी थाना क्षेत्र के जतरो गांव में टेन बांध के बिछुली पर खेत रखवाली के लिये बबुल पेड़ के नीचे सो रहे हीरा रजवार उम्र 65 एवं पत्नी कलावती देवी उम्र 60 वर्ष की हत्या कर दी गई थी। जिसको लेकर थाना कांड संख्या 13/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। इस कांड में पुलिस अधीक्षक एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गढ़वा के निदेर्शानुसार कांड का तत्वरित गति से अनुसंधान करते हुये कांड के अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिये अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम द्वारा जुटाये गये साक्ष्यों के आधार पर यह बात स्पष्ट हो गई कि एक सप्ताह पूर्व हीरा रजवार उम्र 65 वर्ष पिता स्व बुधन राजभर शराब पीते हुये अभियुक्त फुलटन रजवार उर्फ सुजीत रजवार को टेन बांध के पास देखा था इसके बाद इसकी सूचना परिवार वालों को दे दिया था। जिस पर फुलटन रजवार के घर वालों द्वारा मारपीट की गयी थी। इसी बात को लेकर फुल्टन रजवार एवं हीरा रजवार में एक दिन कहा सुनी हुई, इस बात को लेकर क्रोध में फुल्टन रजवार द्वारा हीरा रजवार की हत्या करने की योजना बनायी थी। इसी योजना के तहत सोमवार की रात्रि में मौका का फायदा उठाते हुये लोहे का सब्बल को लेकर हीरा रजवार की हत्या करने की नियत से घर से निकला। उसके बाद समय करीब 1:00 बजे रात्रि में जब हीरा रजवार के खेत के समीप बबूल पेड़ के नीचे पहुंचा तो देखा कि हीरा रजवार एवं उनकी पत्नी कलावती देवी गहरी नींद में सो रहे हैं। इसी मौका का फायदा उठाकर लोहे के सब्बल से सबसे पहले कलावती देवी के कान के पास सबल के नुकीला हिंसा से प्रहार किया जिससे कलावती देवी पूर्ण रूप से जख्मी हो गई। इस दौरान सब्बल के दूसरे हिस्सा से हीरा रजवार के सिर पर जोरदार प्रहार किया जिससे हीरा रजवार का सर फट गया और दोनों पति-पत्नी की मौत हो गई। वहीं घटनास्थल 12 फरवरी को कांड के तत्वरित अनुसंधान के क्रम में कांड के प्राथमिक अभियुक्त फुल्टन रजवार उर्फ सुजीत रजवार पिता नरेश रजवार को गिरफ्तार किया गया तथा हत्या करने में प्रयुक्त किये गये खून से लगे सब्बल एवं घटना कार्य के समय फुल्टन रजवार उर्फ सुजीत रजवार के द्वारा पहना हुआ कपड़ा को पुलिस द्वारा बरामद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार खुलासा के बाद हत्यारे के खिलाफ ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है। वहीं थाना प्रभारी अविनाश राज ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी अपराध पर लगाम लगाया जायेगा और अपराध करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार, पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी, कांडी थाना प्रभारी अविनाश राज, एसआई रोशन कुमार राम, विद्यासागर प्रसाद, अरविंद कुमार सिंह, पुलिस बल विभूति कुमार विभु, संजय कुमार एवं चालक परवेज आलम शामिल थे।



## एक्ट्रेस तृषा कृष्णन का एक्स अकाउंट हैक, इंस्टाग्राम पर दी जानकारी

साउथ एक्ट्रेस तृषा कृष्णन इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'विदामुयार्ची' को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। इस बीच एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है कि उनका एक्स अकाउंट हैक हो गया है। एक्ट्रेस ने हाल ही में अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट के हैक होने की जानकारी इंस्टाग्राम पर दी।

तृषा ने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए अपने प्रशंसकों को सतर्क करते हुए लिखा, मेरा ट्विटर अकाउंट हैक हो गया है। कृपया तब तक किसी भी पोस्ट पर यकीन न करें जब तक कि यह समस्या ठीक नहीं हो जाती। धन्यवाद।

एक्ट्रेस के अकाउंट से क्रिप्टो करेंसी लाइव का पोस्ट किया गया, जो एक्ट्रेस का नहीं है। यह पहली बार नहीं है, जब किसी फिल्म अभिनेता का सोशल मीडिया अकाउंट हैक हुआ हो। इससे पहले अर्जुन रामपाल, जावेद अख्तर, और कई अन्य दिग्गजों के भी एक्स अकाउंट हैक हो चुके हैं। तृषा कृष्णन का वर्कफ्रंट की बात करें तो इस समय अपनी हालिया फिल्म विदामुयार्ची की सफलता का आनंद ले रही हैं । 6 फरवरी को सिनेमाघरों में आई इस फिल्म को मिली-जुली समीक्षाएं मिली हैं, लेकिन इसके बावजूद यह बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

## रामगोपाल वर्मा की फिल्म 'साड़ी' का ट्रेलर रिलीज



राम गोपाल वर्मा की फिल्म 'साड़ी' 28 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में हिंदी, तेलुगु, तमिल और मलयालम में रिलीज होने के लिए तैयार है। इसी बीच फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। अब दर्शक फिल्म की रिलीज की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इस फिल्म को खुद रामगोपाल वर्मा ने प्रेजेंट किया है। आरजीवी आरवी प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म 'साड़ी' कई सच्ची घटनाओं पर बेस्ड है। इस मनोवैज्ञानिक रोमांचक फिल्म के निमार्ता रवि वर्मा हैं, जबकि निर्देशन की कमान गिरि कृष्ण कमल ने संभाली है। यह फिल्म एक लड़की के लिए एक लड़के के जुनून की स्टोरी है, जो डरावना हो जाता है। सत्य यदु ने उस जुनूनी लड़के का किरदार निभाया है, जो आराध्या देवी अभिनीत एक लड़की को देखते ही पागल हो जाता है और उसको फॉलो करना शुरू कर देता है एवं उसकी भावनाएं फिर खतरनाक हो जाती हैं। राम गोपाल वर्मा बॉलीवुड में एक ऐसे फिल्म मेकर के रूप में जाने जाते हैं, जिन्होंने ढेरों नई प्रतिभाओं को स्टार बनाया है। अभिनेत्री आराध्या देवी भी उनकी ही खोज है। फिल्म 'साड़ी' के ट्रेलर को सोशल मीडिया पर काफी सराहा जा रहा है। यह फि ल्म 4 भाषाओं में 28 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## महाकुम्भ : माघ पूर्णिमा पर 2 करोड़ ने संगम में लगायी आस्था की डुबकी, एक महीने बाद घर लौटने लगे कल्पवासी



# पिपराही जंगल से केन बम व हथियार संग दो गिरफ्तार

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** रामगढ़ थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पिपराही जंगल क्षेत्र से हथियार के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में गिरफ्तार अभियुक्तों में चैनपुर थाना अंतर्गत सेमरा गांव निवासी फिरोज अंसारी (25) पिता नयाजुद्दीन अंसारी व पाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत मायापुर गांव निवासी उमेश भुईया (35) पिता इतवारू भुईया शामिल हैं। पुलिस ने उनके पास से एक 315 बोर का राईफल, एक भरठुआ बंदूक, एक काले रंग का बैग, एक काले रंग के प्लास्टिक में लपेटा हुआ केन बम, तीन पीस ट्राउजर एवं एक पीस कमीज (जंगल कलर का) एवं खाने का अन्य सामान बरामद किया है। इसे लेकर आयोजित प्रेसवार्ता में सदर एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद ने बताया कि गिरफ्तार फिरोज अंसारी का आपराधिक इतिहास रहा है। वह चौनपुर थाना कांड सं0-70/23 व चौनपुर थाना जी०आर० सं0-243 / 22 का आरोपी है। एसडीपीओ श्री प्रसाद ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पीपराही गांव के पास वाले जंगल में दो व्यक्ति हथियार लेकर घुम रहे हैं एवं किसी बड़े घटना को अंजाम देने वाले हैं। सूचना के बाद गठित छापामारी दल ने उक्त दोनों व्यक्तियों को जंगल में घूमते हुए पकड़ा। उन्होंने बताया कि विस्फोटक पदार्थ अधिनियम व आर्म्स एक्ट के तहत रामगढ़ थाना कांड सं 06/25 दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पुलिस को बताया है कि ईंटा भट्ठा, क्रेशर मालिकों एवं अन्य से रंगदारी का मांग करते हैं।छापामारी दल में रामगढ़ थाना प्रभारी ओमप्रकाश साव, एएसआई लखन महतो, हवलदार मधुसूदन सेरका, पुलिस जवान अनुप पासवान शामिल थे।

## गढ़वा के पत्रकार आशुतोष रंजन के निधन पर पत्रकारों ने जताया शोक



**मेदिनीनगर :** पलामू पत्रकार परिषद की ओर से डीपीआरओ कार्यालय में एक शोकसभा का आयोजन अध्यक्ष नीलकमल मेहरा की अध्यक्षता में किया गया। इसमें गढ़वा जिला के बिंदास न्यूज के वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष रंजन सिन्हा के निधन पर पत्रकारों ने दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की। शोक सभा में अध्यक्ष नीलकमल मेहरा ने दिवंगत पत्रकार के जीवनी पर प्रकाश डालते हुये कहा कि वे हंसमुख एवं निष्पक्ष पत्रकारिता के रूप में अपनी पहचान स्थापित करते हुये निडर व निर्भिक पत्रकार की भूमिका निभाते थे। जिन्हें गढ़वा जिला ही नहीं पूरे पलामू प्रमंडल के लोग उनकी बेबाक पत्रकारिता की सराहना करते थे। वहीं महासचिव सत्येंद्र मिश्रा ने कहा कि दिवंगत पत्रकार आशुतोष रंजन सिन्हा से अंतिम मुलाकात बीसीसीएल रेहला में हुई थी। आज उनकी कमी हमसबों को खल रही है। भविष्य में इनकी भरपाई नहीं की जा सकती है। इस मौके पर अजीत मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार दिलीप कुमार, अरूण शुक्ला, नीरज कुमार, श्रवण सोनी, प्रभूदयाल तिवारी व अन्य ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। शोकसभा में मुख्य रूप से केतन आनंद, श्याम किशोर पाठक, गजेंद्र कुमार, अमित कुमार भोला ,करण कुमार, प्रेम प्रकाश समेत कई पत्रकार मौजूद थे।

## प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत फिर कांग्रेस में शामिल



**कोलकाता।** पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत मुखर्जी ने चार साल बाद कांग्रेस में वापसी कर ली है। बुधवार को उन्होंने पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष शुभंकर सरकार की मौजूदगी में कांग्रेस का झंडा थामा। अभिजीत ने कहा कि भाजपा की विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ संघर्ष के लिए कांग्रेस ही एकमात्र विकल्प है। अभिजीत मुखर्जी 2021 में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़कर तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे, लेकिन तृणमूल में उन्हें कोई खास जिम्मेदारी नहीं मिली। पार्टी ने उन्हें न तो लोकसभा का टिकट दिया और न ही विधानसभा चुनाव में उतारा। पिछले कुछ महीनों से वह तृणमूल में अपनी भूमिका को लेकर असंतोष जता रहे थे। आखिरकार उन्होंने फिर से कांग्रेस का दामन थाम लिया। माना जा रहा है कि 2026 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस उन्हें टिकट दे सकती है। अभिजीत मुखर्जी 2012 में जंगीपुर लोकसभा सीट से उपचुनाव जीतकर कांग्रेस सांसद बने थे। यह सीट उनके पिता प्रणब मुखर्जी के राष्ट्रपति बनने के बाद खाली हुई थी। 2014 में उन्होंने फिर से इस सीट पर जीत दर्ज की, लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में तृणमूल उम्मीदवार से भारी मतों से हार गए।

Hit लिस्ट


## रामलला मंदिर अयोध्या के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ब्रह्मलीन

**लखनऊ।** अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के रामलला मंदिर के मुख्य




पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास आज सुबह सात बजे बृह्मलीन हो गए। आचार्य सत्येंद्र दास ने 85 वर्ष की आयु में संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) लखनऊ में अंतिम सांस ली। एसजीपीजीआई के प्रवक्ता ने इसकी पुष्टि की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आचार्य सत्येंद्र दास के बृह्मलीन होने पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है। एसजीपीजीआई प्रवक्ता के अनुसार, उन्हें तीन फरवरी को एसजीपीजीआई में भर्ती कराया गया था। स्ट्रोक के बाद वह न्यूरोलॉजी वार्ड एचडीयू में थे। एसजीपीजीआई से उनकी पार्थिव देह को अयोध्या ले जाया जाएगा।

## सिख दंगा : सज्जन कुमार दोषी करार, सजा 18 को



**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 1984 के सिख विरोधी दंगे के दौरान सरस्वती विहार के मामले में पूर्व कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को दोषी करार दिया है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने सज्जन कुमार की सजा पर 18 फरवरी को फैसला सुनाने का आदेश दिया। कोर्ट ने 31 जनवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। यह मामला एक नवंबर, 1984 का है, जिसमें पश्चिमी दिल्ली के राज नगर में सरदार जसवंत सिंह और सरदार तरुण दीप सिंह की हत्या कर दी गई थी। शाम को करीब चार-साढ़े चार बजे दंगाइयों की भीड़ ने इनके राज नगर इलाके में स्थित घर पर लोहे की सरियों और लाठियों से हमला कर दिया।

**अभिनव पहल.** खूंटी जिला प्रशासन की ओर से संचालित संपूर्ण शिक्षा कवच अभियान की बड़ी उपलब्धि, 24 घंटे मिल रहा था मार्गदर्शन

# डिजिटल शिक्षा का कमाल. जेईई मेन में कस्तूरबा स्कूल की 17 बेटियां सफल

**खूंटी।** कस्तूरबा गांधी विद्यालय खूंटी की 17 बेटियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित परीक्षा जेईई मेन 2025 में सफलता प्राप्त की है। जिला प्रशासन की ओर से संचालित संपूर्ण शिक्षा कवच अभियान की यह बड़ी उपलब्धि है। सफलता प्राप्त करने वाली छात्राओं में महिमा कुमारी, दिव्या कुमारी, गुंजा कुमारी, जांबी टूटी, प्रमिला टूटी, आरती कुमारी, ईशा कुमारी, आकांक्षा कुमारी, लीला कुमारी, जयंती कुमारी, प्रियांशी कुमारी, प्रियंका कुमारी, अंजनी उरांव, आरती संगा, ललिता पूर्ति, अमिका कुमारी, अनंत कुमारी, अंता कुमारी और अर्चना कुमारी शामिल हैं। इस उपलब्धि पर उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने सभी छात्राओं को बधाई और



उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना देते हुए कहा कि छात्राओं ने सिद्ध कर दिया कि सही मार्गदर्शन और कठिन परिश्रम से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह हमारे जिले के लिए गर्व का क्षण है। इन 17 छात्राओं ने साबित कर दिया कि संसाधनों की सीमाओं के बावजूद यदि उचित मार्गदर्शन और समर्थन मिले, तो ग्रामीण क्षेत्र की छात्राएं भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। यह उपलब्धि न केवल छात्राओं की मेहनत का परिणाम है, बल्कि सम्पूर्ण शिक्षा कवच अभियान के तहत शिक्षकों और जिला प्रशासन द्वारा किए गए सतत प्रयासों की भी पुष्टि करती है। हम आगे भी इसी तरह छात्रों के समग्र सहयोग के लिए प्रयासरत रहेंगे। सम्पूर्ण शिक्षा कवच अभियान के तहत छात्राओं को 24 घंटे सातों दिन डिजिटल शिक्षा सहायता, व्यक्तिगत मार्गदर्शन और मॉडल टेस्ट श्रृंखला के माध्यम से तैयारी कराई गई। इस अभिनव पहल से न केवल जेईई मेन परीक्षा में सफलता मिली, बल्कि यह आगे भी छात्राओं को आइआइटी और अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश के लिए प्रेरित करेगा।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)